अपील संख्या 196/2017
अनवान
रजा मोहम्मद वगैरा बनाम तिलोकाराम के का0मु0 नजरो वगैरा

दिनांक 21—01—2021

पक्षकारो के अधिवक्ता उपस्थित। अपीलांट एवं रेस्पो0 अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो खारीज करने का पेश किया, जिसमे उल्लेख किया कि अपीलांट्स एवं रेस्पोन्डेन्ट्स के मध्य गांव के मौजिज व्यक्तियों ने मिल बैठ कर राजीनामा करवा दिया है इसलिए पक्षकारान उक्त मुकदमें को आगे चलाना नही चाहते है और न ही अनुतोष चाहते है इसलिए लोक अदालत की भावना से उक्त अपील जरिये विड्रो खारीज करने का निवेदन किया । उक्त प्रार्थना पत्र पर अपीलांट शकुल खॉ के हस्ताक्षर की पहचान उनके अधिवक्ता श्री नाहर सिह सोलंकी ने की तथा रेस्पो0 अधिवक्ता के भी प्रार्थना पत्र हस्ताक्षर किये हुए है। अपीलांट शकूरखां एवं रेस्पोडेन्ट् रेवतराम स्वंय उपस्थित। अपीलांट अधिवक्ता के निवेदन पर उनके द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वर्तमान अपील जरिये विड्रो खारीज की जाती है । प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली हो । अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लोटाया जाये । निर्णय आज खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया ।

अति० सम्भागीय आयुक्त,
जोधपुर